आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 19.04.2024** **समय : 07.10**

**मुख्य समाचारः—**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज 17 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले गए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—ये चुनाव केवल एक सांसद को चुनने का नहीं है, बल्कि देश का चुनाव है।
- मध्यप्रदेश में छह सीटों के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न, शाम 6 बजे तक 66.44 प्रतिशत से अधिक मतदान।
- प्रदेश में तेज धूप और गर्मी का असर जारी, अगले दो दिन में कई जिलों में बारिश के आसार।

**लोकसभा चुनाव**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस चरण में 17 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले गए। इनमें 18 सीटें अनुसूचित जाति और 11 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण की इन सीटों में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल शामिल हैं।

**मोदी—मप्र दौरा**

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये चुनाव केवल एक सांसद को चुनने का चुनाव नहीं है, बल्कि देश का चुनाव है। देश के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। ये चुनाव आने वाले 5 साल में देश को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। श्री मोदी ने आज मध्य प्रदेश के दमोह में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, तो ऐसे में भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार की बहुत जरूरत है और ये काम सिर्फ पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार कर सकती है। उन्होंने कहा आज देश में वो भाजपा सरकार है जो ना किसी से दबती है और ना ही किसी के सामने झुकती है। हमारा सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले और किसानों को पर्याप्त खाद मिले, इसलिए हमने देश हित में फैसला लिया। श्री मोदी 12 दिन में चौथी बार प्रदेश के दौरे पर आए थे । इससे पहले प्रधानमंत्री ने 7 अप्रैल को जबलपुर में रोड शो किया था। 9 अप्रैल को उन्होंने

बालाघाट में और 14 अप्रैल को नर्मदापुरम के पिपरिया में सभा की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था। 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया और 2019 में दोबारा आया तो विश्वास लेकर आया था और आज 2024 में मोदी आपके पास गारंटी लेकर आया है।

**नामांकन**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा– जनसेवा मेरे जीवन का लक्ष्य है। भोपाल लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई। आखिरी दिन 16 नामांकन जमा किए गए। अब तक 28 लोगों ने कुल 41 नामांकन भरे हैं। कई अभ्यर्थियों ने 3 से 4 नामांकन भरे हैं। इस सीट के लिए 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। भोपाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

**<u>जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ</u>**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ँजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं रायसेन जिले के अमोल सेन का संदेश।

**मप्र मतदान**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज प्रदेश की छह सीटों जबलपुर, छिंदवाडा, मंडला, शहडोल, सीधी और बालाघाट में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। शाम 6 बजे तक 66.44 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की खबर है। प्रदेश में सर्वाधिक छिन्दवाड़ा में 78.67 प्रतिशत और सबसे कम सीधी में 57.18 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं बालाघाट में 72.60, जबलपुर में 59. 72 मंडला में 72.92 और शहडोल में 64.11 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि छह लोकसभा क्षेत्रों में 13 जिलों के सभी 13 हजार 588 मतदान केंद्रों में शांतिपूर्वक हुआ। उन्होंने बताया कि बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के बैहर

विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र दुगलई में शत प्रतिशत मतदान हुआ। यह मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित होते हुए भी यहां के लोगों ने मतदान कर अपना फर्ज निभाया। मंडला लोकसभा अंतर्गत डिंडौरी में मेघा ने हल्दी रस्म के पश्चात मतदान किया। डिंडौरी जिले के शहपुरा विधानसभा में मोहगांव के मतदाता नर्मदा नदी पार कर मतदान करने पहुंचे। सभी सीटों पर मतदान के लिए सुबह से ही कतारें देखी गईं, तेज धूप के चलते दोपहर में कहीं–कहीं लोग अपने घरों से नहीं निकले लेकिन शाम चार बजे के बाद एक बार फिर मतदान में गति आई। हमारे जबलपुर संवाददाता ने बताया कई मतदान केंद्रों पर सुबह से लाइनें देखने को मिलीं। विशेषकर नवमतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

वहीं मतदान के दौरान मतदान केंद्र की फोटो वायरल करने पर जबलपुर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने पनागर विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 173 के पीठासीन अधिकारी रतन कुमार को निलंबित कर दिया। कटनी में तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद भी मतदाता कतारबद्ध होकर मतदान करने पहुंचे।

## मौसम

प्रदेश में आज तेज धूप और गर्मी का असर रहा। कल इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर–उज्जैन समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक गर्मी का असर रहने का अनुमान जताया है। 21 अप्रैल से अगले 3 दिन के लिए आंधी–बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। जिसका प्रदेश में असर रहेगा। इस वजह से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 21 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, कटनी, मंडला, बालाघाट और डिंडोरी जिलों में बारिश हो सकती है।

## रेलवे–ग्रीष्मकालीन

भारतीय रेल, गर्मियों के दौरान यात्रियों की बढती मांग और सुविधा के लिए रिकॉर्ड नौ हजार एक सौ 11 रेल के अतिरिक्त और फेरे संचालित कर रही है। पिछले साल ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियों ने कुल छह हजार तीन सौ 69 अतिरिक्त फेरे लगाए थे। रेल मंत्रालय ने कहा है कि देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त रेलगाडियों के संचालन की योजना बनाई गई है। जिससे प्रमुख रेलमार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित हो सके। सभी क्षेत्रीय रेलवे नेटवर्क ने तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से ग्रीष्मकालीन

यात्री भार की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त यात्राओं को संचालित करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

**समाचार संक्षेप में :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज टीकमगढ में भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेन्द्र कुमार के लिए रोड–शो किया।
- राजगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चांचौडा एवं राघौगढ़ के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आशीष यादव ने आज कंट्रोल रूम और एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया।
- देवास जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। आज यहां श्रमिकों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।
- देवास लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।
- सागर जिले के खुरई देहात थाना अंतर्गत ग्राम सिलोधा के पास सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। ये युवक एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
- धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का आज आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे दल ने सर्वे किया। लगभग छह घंटे के सर्वे कार्य के पश्चात सर्वे दल के सदस्य बाहर आए। सर्वे दल में 15 अधिकारी और 19 मजदूर थे।

...........................